





# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 12 बदमाश गिरफ्तार

## भीलगांव में कारोबारी के घर फायरिंग कर फैलाई थी दहशत, पिस्टल सहित अन्य हथियार जब्त

### विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर मांगी थी 10 करोड़ की फिरौती

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जिले में दहशत फैलाकर वर्चस्व जमाने का प्रयास कर रहे कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 12 गुर्गे पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इन आरोपियों में पिछले माह भीलगांव के एक प्रतिष्ठित कारोबारी दिलीप राठौर के घर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। इस हमले के बाद सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए 10 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग भी की थी। इस गैंग के जिले में पैर पसारने से पहले गिरफ्तारी से पुलिस के साथ ही बड़े कारोबारी भी राहत महसूस कर रहे है।

जानकारी अनुसार कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे ने उज्जैन पुलिस को आत्म समर्पण किया था। इसके बाद जिले के भीलगांव में कारोबारी के घर की गई फायरिंग की गुत्थी भी सुलझ गई है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि प्रकरण में शूटर, रेकी करने वाले, गोली चलवाने वाले, संसाधन उपलब्ध/सहायता करने वाले, बिश्नोई गैंग के गुर्गे व उससे पहचान करवाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 3 कार व 1 मोटर साइकल, 4 पिस्टल 10 कारतूस व 10 मोबाइल फोन जब्त किए है। एसपी ने बताया 17 मार्च को सत्येंद्र राठौड़ निवासी भीलगांव ने थाना कसरावद पर सूचना दी थी कि, उनके व उनके पिताजी दिलीप राठौड़ के व्हाट्सएप पर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वाईस काल आया, जिसमें खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हैरी बाक्सर बताते हुए 10 करोड़ रुपए की मांग की। फायरिंग का विडियो भेजा है। उसने धमकी दी थी कि पैसा नहीं दिया तो अगली बार हाथगोला तुम्हारे घर पर फेंकेंगे।



**पहले दो प्रयास में रहे नाकाम, तीसरे प्रयास में फायरिंग कर बनाया था वीडियो**

:- 2 मार्च राजपाल के द्वारा भेजे गए लड़कों को खलघाट में से अपने परिचित की बाईक दिलवाता है, परंतु किसी कारणवश फायर नहीं हो पता है। इसके बाद 10 मार्च को सचिन पाटीदार को फिर 4 नकाबपोश लोग खलघाट में मिले, सचिन ने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से उनको दिलीप का घर दिखाया था। 11 मार्च को शूटर शिवा, कृष्णपाल व अंशु ने रात्री में दिलीप के घर पर फायरिंग करने का प्रयास किंतु पिस्टल नहीं चली।

:- 16 मार्च को मलखान ने अपनी पल्सर मोटर साइकल व एक पिस्टल तथा कारतुस देकर अंशपाल, शिवा और रोहित को भेजा था। रितिक, कृष्णपाल उर्फ केन्या डस्टर कार से पीछे पीछे आये थे, बाद में घर पर गोली चलाई व वीडियो बनाकर वापस चले गए। मलखान ने बनाए विडियो को लॉरेंस गैंग राजपाल को भेजा। जिसके बाद 17 मार्च को फरियादी दिलीप राठौर को विदेशी नंबर से विडियो भेज कर हैरी बाक्सर के द्वारा 10 करोड़ रुपयों की फिरौती मांगी गई।

**इन्हें किया गिरफ्तार**

लोकेन्द्र पिता हरिसिंह पंवार निवासी ग्राम घुडावन थाना इंगोरिया जिला उज्जैन, सचिन पिता हीरालाल पाटीदार निवासी ग्राम करोली मनावर, अमित कुमार पिता हुकुमचन्द बडगोत्या किशनपुरा मक्सी रोड उज्जैन, मलखान उर्फ विजेन्द्र पिता मोहन सिसोदिया निवासी ग्राम सिया, थाना बैंक नोट प्रेस जिला देवास, शाहरुख पिता नवाब खान निवासी ग्राम सिंदनी थाना टोंकखुर्द जिला देवास, कृष्णपाल उर्फ केन्या पिता अनोखीलाल सोलंकी ग्राम सिया थाना बैंक नोट प्रेस जिला देवास, अंश उर्फ अंशु पिता कैलाश पाल निवासी ग्राम सिया थाना बैंक नोट प्रेस जिला देवास, शिवा पिता राकेश बिलगडे सिया, थाना बैंक नोट प्रेस जिला देवास, ऋतिक उर्फ जंजीरा पिता जितेन्द्र सिंह पंवार निवासी ग्राम सिया, थाना बैंक नोट प्रेस जिला देवास, रोहित पिता जयराम मालवीया छोटा मालसा पुरा थाना बैंक नोट प्रेस जिला देवास और राजा पिता साकिर खान उम्र 30 साल निवासी हाल पुरा स्थाई सिंदनी जिला देवास, केस खान पिता जाकिर खान मुसलमान निवासी ग्राम बालसमुद थाना कसरावद और गैंग सदस्य राजपाल पिता ईश्वर सिंह चन्द्रावत निवासी ग्राम रत्नाखेड़ी थाना नागदा मंडी जिला उज्जैन गिरफ्तार किए गए है। राजपाल से पूर्व में एनआईए भी पूछताछ कर चुकी है। जबकि जावेद पिता जाकिर खान निवासी ग्राम अमरपुरा थाना बैंक प्रेस नोट जिला देवास और रवि पिता विक्रम चौहान जाती मोंगिया निवासी ग्राम कसारी चौहान थाना ताल जिला रतलाम फरार है।

**रुपयों के लेन-देन का हुआ था विवाद:-** एसपी ने बताया 15 दिनों के अथक प्रयासों के चलते मुखबिर सूचनाए तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीव्ही फुटेज, देवास पुलिस एवं अन्य यूनिट की सहायता से उक्त घटना में शामिल कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण में आरोपी सचिन पाटीदार ग्राम करोली मनावर व लोकेन्द्र पंवार उज्जैन फरियादी दिलीप राठौर को पूर्व से जानते थे एवं उनके बीच रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद हुआ था।

**संदीप ने लॉरेंस गैंग से कराया संपर्क:-** लोकेन्द्र पंवार ने यह बात अपने परिचित संदीप प्रजापति निवासी ग्राम बिछडोद थाना घटिया जिला उज्जैन को बताई, इसके बाद संदीप प्रजापति ने लोकेन्द्र की लॉरेंस बिश्नोई गैंग के राजपाल सिंह से संपर्क कराया। 26 फरवरी को लोकेन्द्र ने संदीप प्रजापति के कहे अनुसार उज्जैन से अमित बडगोत्या को लेकर दिलीप दरबार का घर बताने ग्राम भीलगांव भेजा। गैंग सदस्यों को शूटर्स से मिलवाने फरार राहुल बाबा बिंझाना देवास, कुलदीप पिता मेहरबान सिंग राजपूत निवासी ग्राम कसारी चौहान थाना ताल जिला रतलाम, संदीप पिता हुकूमचंद प्रजापति निवासी ग्राम बिछडोद थाना घटिया जिला उज्जैन और हरिचंद जाट उर्फ हैरी बाक्सर फरार है।

## एक नजर में

### प्रशिक्षण वर्ग में बताई भाजपा की नीति-उपलब्धि



**सनावद, निप्र।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। स्वागत भाषण भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने दिया। शिविर के प्रथम सत्र की अध्यक्षता लोकेंद्र जैन,द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष मीना शर्मा, तृतीय सत्र की अध्यक्षता विष्णु ठेकेदार एवं चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष रामचरण कुशवाह ने की। शिविर के प्रथम वक्ता जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने भाजपा के इतिहास और उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता विधायक सचिन बिरला ने प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित मानदंडों एवं आदर्शों के अनुरूप भाजपा ने समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक परिवार तक विकास योजनाओं का लाभ सफलतापूर्वक पहुंचाया है। भाजपा के लिए राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। विधायक ने कहा कि देश में सुशासन और आत्मनिर्भरता भाजपा का लक्ष्य है और सशक्त, समर्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए भाजपा संकल्पबद्ध है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिलीप जोशी ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान और वैचारिक आधार पर प्रकाश डाला। जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.शंभूसिंह मनहर ने भी प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से पार्टी के कार्य विस्तार की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष अनिता बंसल, शालिनी रातोरिया, रश्मि ठाकुर, ज्योति येवतीकर, शांताबाई पंवार, अमिता मंत्री, इंदरलाल लोनकर, संजय राठौर, दिनेश गोलकर, शुभम शर्मा, राजू मुछाला, खुमानसिंह तोमर, आदित्य पंचोलिया, मोहित यादव, सोहन यादव, श्यामसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राज्यपाल पटेल आज आएंगे, रक्षा अस्पताल में सिकल सेल यूनिट का करेंगे लोकार्पण

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल शनिवार को खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे दोपहर 1.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा खरगोन आगमन करेंगे। आगमन के पश्चात राज्यपाल पटेल दोपहर 1.50 बजे कार द्वारा सनावद रोड स्थित रक्षा अस्पताल के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2 बजे रक्षा अस्पताल पहुंचेंगे। यहाँ वे दोपहर 2.00 बजे से 3.40 बजे तक सिकल सेल यूनिट का लोकार्पण करेंगे एवं सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल पटेल दोपहर 3.40 बजे हेलिपैड, खरगोन से मांडव के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल पटेल के इस प्रवास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अग्निवीर भर्ती कार्यशाला



**खरगोन, निप्र।** भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के अंतर्गत देश सेवा का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, खरगोन में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुई इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर सेना भर्ती की बारीकियों को समझा। आर्मी भर्ती कार्यालय, महू के सूबेदार मेजर घनश्याम सिंह नेगी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भर्ती के विभिन्न चरणों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अग्निवीर (पुरुष) वर्ग में जनरल ड्यूटी (त्रष्ठ), एस.के.टी., टेक्निकल और 8वीं व 10वीं पास के लिए ट्रेड्समेन के पदों पर भर्ती होगी। महिला सेना पुलिस में युवतियों के लिए सेना में करियर बनाने के अवसरों पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वैट और सिपाही फार्मा जैसे स्थाई पदों की लिए भी मार्गदर्शन दिया गया। सूबेदार मेजर ने स्पष्ट किया कि चयन के लिए सर्वप्रथम ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले युवाओं को ही आर्मी भर्ती कार्यालय द्वारा आयोजित होने वाली शारीरिक परीक्षण में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय के कार्यक्रम प्रभारी श्री राजपाल सिंह ने कार्यशाला में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अग्निवीर बनना न केवल देश सेवा का गौरवशाली अवसर है, बल्कि इसके पश्चात केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में होने वाली नियुक्तियों में भी अग्निवीरों को अतिरिक्त प्राथमिकता और लाभ प्राप्त होगा। विद्यालय के प्राचार्य फरहत उल्लाह खान ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को अग्निवीर योजना के लिए तत्काल पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया ताकि वे समय पर तैयारी शुरू कर सकें। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय के विषय विशेषज्ञ श्री आनंद टेकाडे सहित एकलव्य विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी अंचल के युवाओं को सेना में भर्ती की सटीक जानकारी देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

### पावर लिंकर कंपनी के खिलाफ श्रमिकों के विरोध के स्वर, श्रम विभाग कार्यालय में हंगामा

**खरगोन, निप्र।** जिले में संचालित हो रहे औद्योगिक संस्थानों में अव्यवस्था, अनियमिता एवं मनमानी की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। खासकर श्रमिको उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। श्रम विभाग के अधिकारियों से मदद की गुहार लगा रहे श्रमिकों को विभाग के अधिकारियों से भी कोई राहत नही मिलती नजर आ रहे है, नतीजतन श्रमिक रोजगार को लेकर चिंतित होने के साथ ही औद्योगिक संस्थानों पर नकेल कसने में नाकाम रहने वाले संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ भी आक्रोश दर्ज करा रहे है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचा। श्रम विभाग कार्यालय पहुंचे श्रमिकों ने पावर लिंकर कंपनी चेन्नई के खिलाफ वेतन बोनस, एरियर भुगतान जैसी आर्थिक समस्याओं के साथ ही अन्य समस्याओं को लेकर आक्रोश दर्ज कराया। भारतीय मजदूर संघ पदाधिकारियों के साथ पहुंचे श्रमिकों ने बताया कि कंपनी ग्राम सिरलाय बड़वाह परियोजना का कामकाज देख रही है। हमें कंपनी ने 1 जून 2023 से एग्रीमेंट पर नियुक्त किया है। अब अचानक कंपनी हमें काम से निकाल रही है, नया टेंडर कराना चाहती है। यह है मांगें श्रमिकों ने श्रम विभाग अधिकारी से मुलाकात कर बकाया देयों का भगुतान, बकाया वेतन, बोनस, वेतनवृद्धि के एरियर्स क राशि दिलाए जाने, रुके वेतन को मय ब्याज दिलाने की मांग की है। इसके अलावा सीएलई एवं राष्ट्रीय त्यौहारी अवकाशों की राशि का भुगतान, ओवर टाईम राशि की भी मांग की है। श्रमिकों ने उनकी समस्या, मांगों का निराकरण नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान को मिल रहा समर्थन



**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा भगवानपुरा विकासखंड में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम थरड़पुरा में गणगौर गोमुख नदी की साफ-सफाई की गई। अभियान के तहत ग्रामीणों ने दो घंटे श्रमदान कर नदी को स्वच्छ किया, वहीं माता मंदिर स्थित बावड़ी की भी सफाई की गई।

परिषद के ब्लॉक समन्वयक महेश कुमार खराड़े ने बताया कि 19 मार्च से 30 जून तक चल रहे इस महाअभियान में जल संरक्षण को व्यवहार में उतारते हुए श्रमदान, स्वच्छता एवं जल सहेजने की शपथ दिलाई जा रही है। ग्रामीणों को सप्ताह में कम से कम दो घंटे अपने आसपास स्वच्छता के लिए श्रमदान करने और गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई। अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के साथ-साथ पूर्व से मौजूद जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों व जल वितरण प्रणालियों की नियमित साफ-सफाई तथा ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उद्देश्य यह है कि समाज और सरकार की सहभागिता से यह पहल जल संरक्षण व संवर्धन का सशक्त जनआंदोलन बने। इस अवसर पर नन्हेश्वर जन सेवा समाज सेवा संस्थान से श्री दिनेश माझन, पर्वत सिंह सिसोदिया, परामर्शदाता पप्पु, कान्हा जायसवाल, मांगीलाल सोलंकी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री ओम सेन सहित थरड़पुरा के बालू गरासे, खुमसिंह सोलंकी, रमेश आवासे एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ मां नर्मदा पुराण कथा शुरु




**खरगोन, निप्र।** शहर के इंदिरा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप शुक्रवार से 7 दिवसीय संगीतमय मां नर्मदा पुराण कथा की शुरुआत हुई। कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत गांधी नगर स्थित महामृत्यंजय महादेव मंदिर से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं ने कलश शिरोधार्य किए।

यात्रा का कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान नर्मदा पुराण शिरोधार्य कर चल रहे थे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। प्रथम दिन मां नर्मदा के उद्गम का बखान कथावाचक पं. सत्यम दीवान महाराज नर्मदापुरम् ने किया। उन्होंने कहा भारत की संस्कृति और परंपरा में नदियों को सदैव माता और देवी स्वरूपा माना गया है। जिस प्रकार गंगा, यमुना और सरस्वती का वर्णन वेद-पुराणों में मिलता है, उसी प्रकार मध्य भारत की जीवनदायिनी नर्मदा नदी का महत्व भी असाधारण है। नर्मदा को रेवा और शक्ति रूपिणी भी कहा जाता है। यह केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी पूजनीय है। इसकी महिमा का विशेष वर्णन जिस ग्रंथ में मिलता है।

## पावागढ़-सांवरिया सेठ दर्शन को निकली देवीशक्ति यात्रा



**खरगोन, निप्र।** समीपस्थ ग्राम टेमला में श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल के मासिक संकीर्तन की 50वीं वर्षगांठ स्वर्ण जयंती महोत्सव के रुप में मनाई जा रही है। इस महोत्सव के निमित्त शुक्रवार को एक हजार से अधिक महिलाओं का जत्था जयकारा लगाते, भजन-कीर्तन करते हुए बसों से देवी श्री पावागढ़-अंबाजी और सांवरिया सेठ दर्शन को निकला। यात्रा रवानगी को लेकर ग्राम में उत्सवी माहौल रहा।

आकाशीय आतिशबाजी करने के साथ ही यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर मंगलमयी यात्राओं की शुभकामनाएं देकर रवानगी दी गई। भोर होते ही संकीर्तन करते हुए गांव की गलियों से यात्रा मुख्य मार्ग पहुंची। यात्रा युवा उद्यमी एवं सक्रिय समाजसेवी नितिन पाटीदार के संयोजन में निकाली जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत माह श्री पाटीदार के संयोजन में पुरुषों को अयोध्या यात्रा कराई गई थी। अब दूसरे चरण में पावागढ़- अंबाजी और सांवरिया सेठ दर्शन को यात्रा निकाली गई। श्री पाटीदार ने बताया यह यात्रा केवल भ्रमण नही बल्कि ग्राम में श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल द्वारा 50 वर्षों से चली आ रही हरे कृष्ण हरे कृष्ण..महामंत्र की अखंड साधना, भक्ति, धर्म और आध्यात्मिक इतिहास रचने की दहलीज पर है। इस यात्रा में ग्राम की एक हजार से अधिक माताएं, बहनें और बालिकाएं शामिल है। भक्ति और शक्ति का यह मिलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि टेमला की 50 वर्षों की साधना का सामूहिक उत्सव है। स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष यात्रा का लक्ष्य केवल शक्तिपीठों के दर्शन ही नहीं, बल्कि भक्ति के विभिन्न आयामों को समेटना, सहेजना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पावागढ़ और अंबाजी मां शक्ति के चरणों में वंदन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। सांवरिया सेठ में शक्ति उपासना के साथ-साथ चित्तौड़गढ़ स्थित प्रसिद्ध सांवरिया जी के दर्शन कर भक्ति की धारा को पूर्णता देंगे। संभवत: जिले में किसी भी ग्राम से इतनी बड़ी संख्या में सामूहिक तीर्थ दर्शन यात्रा नही निकाली गई है। पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार के गृहग्राम टेमला में सामूहिक एकजुटता का भाव लिए यह यात्राएं निकाली जा रही है।

## छात्र मन लगाकर पढ़ें, अनुशासन में रहें, तभी बनेगा उज्जवल भविष्य...



**मंडलेश्वर, निप्र।** महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे प्रवेश उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्य समिति सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा थे। विशेष अतिथियों मे राज्य शासन द्वारा नगर परिषद मंडलेश्वर मे मनोनीत एल्डरमैन अनिरुद्ध हल्वे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरी गाड़गे एवं पार्षद नितिन पाटीदार शामिल थे।

प्राचार्य जे के सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया अतिथियों ने विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों का आव्हान किया की वे विद्यालय में मन लगाकर पढ़े अनुशासन मे रहकर अपने शिक्षकों का सम्मान करें तभी उनका भविष्य बनेगा। आभार व्याख्याता ए के तिवारी ने किया संचालन अजित सिंह चौहान ने किया।

**एक नजर में** — कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, मातृत्व स्वास्थ्य और टीबी मुक्त भारत अभियान की गहन समीक्षा

## एचपीवी टीकाकरण लक्ष्य पाने को रोज लगाएं 100 टीके : मित्तल

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर मित्तल द्वारा एचपीवी टीकाकरण की विकासखंडवार समीक्षा की गई।

बड़वाह और भीकनगांव विकासखंडों का कार्य संतोषजनक पाया गया। शेष विकासखंडों के चिकित्साधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य पूर्ति करने तथा प्रतिदिन 100 टीके लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित करने एवं संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के प्रथम त्रैमास में शीघ्र पंजीयन, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान व समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिले में एनीमिया प्रबंधन की स्थिति 58 प्रतिशत होने पर इसे बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने के निर्देश दिए गए।



गर्भवती माताओं के पंजीयन, चार एएनसी जांच एवं यू-विन पोर्टल पर पंजीयन नहीं करने वाले लापरवाह कर्मचारियों का 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए। सम्पूर्ण टीकाकरण अभियान की समीक्षा में भीकनगांव, गोगावां, कसरावद, खरगोन शहरी क्षेत्र एवं महेश्वर को लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। यू-विन पोर्टल पर प्रसव, टीकाकरण एवं सत्रों की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए खंड विस्तार प्रशिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई, प्रगति नहीं होने पर चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 1340 फूड बास्केट वितरित किए जा चुके हैं। शेष हितग्राहियों की सूची तैयार कर जनपद पंचायतों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। झिरन्या एवं भगवानपुरा विकासखंडों में एक्स-रे मशीन प्रदाय की गई है। जिले में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत प्रत्येक गांव में स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जिले में संचालित 69 प्रसव केंद्रों की स्थिति की समीक्षा कर किसी भी अक्रियाशील प्रसव केंद्र को तत्काल क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने एवं योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।